प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला- ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

पंतनगर विश्वविद्यालय एशिया के अग्रणी विश्वविद्यालयों में

पंतनगर। १२ फरवरी २०१८। पंतनगर विश्वविद्यालय को टाइम्स हायर एजुकेशन द्वारा एशिया के विश्वविद्यालयों की २०१८ की रैंकिंग में प्रथम ३५० विश्वविद्यालयों में स्थान मिला है। इस बात की जानकारी केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री, श्री प्रकाश जावडेकर, ने ट्वीट करके दी है जिसमें उन्होंने इस रैंकिंग के लिए विश्वविद्यालय को बधाई दी है। इस रैंकिंग में सम्मिलित भारत के अन्य विश्वविद्यालयों एवं संस्थानों में पंतनगर विश्वविद्यालय का ४१वां स्थान है। कृषि विश्वविद्यालयों में पंतनगर के अतिरिक्त केवल तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय को प्रथम ३५० में स्थान मिला है।

इस उपलब्धि के लिए कुलपति, प्रो. ए.के. मिश्रा, ने विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों, वैज्ञानिकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी है तथा उनके सहयोग हेतु आभार प्रकट किया है। साथ ही विश्वविद्यालय को और आगे ले जाने का आह्वान किया है।